# हेयरस्टाइल और इयररिंग्स का तालमेल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



फैशनेबल और ग्लैमरस लुक में दिखने की चाह तो हम सभी की होती है, लेकिन अक्सर हम कई बार दूसरों को देखकर सोचते हैं कि क्या यही फैशन हम पर भी उतना ही अच्छा लगेगा। शायद नहीं, यही सोचकर हम उस स्टाइल को कभी नहीं अपनाते। अगर आप चाहती हैं कि आप भीड में सबसे अगल दिखें तो ऐसा स्टाइल अपनाएं जो आप फब्बे। इसलिए इयररिंग्स खरीदते समय आपको यह ध्यान रखने की जरूरत है कि वे ना केवल आप की ड्रेस और चेहरे पर सूट करें, बल्कि आप के बालों पर पर भी फबे। अक्सर महिलाएं इयररिंग्स खरीदते समय अपने बालों के कट पर ध्यान नहीं देती हैं, जबकि इस पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। तो आइये, जानें कि आप हेयरस्टाइल पर किस तरह क इयररिंग्स सूट करेंगे।

यदि आप किसी पार्टी में जा रही हैं और आप के बालों को ऊपर की ओर कर के सैट किया है, तो आप चौकोर, डायमंड या ड्रौप्स इयररिंग्स पहनें। बीडेड इयररिंग्स या शैंडलियर्स भी इस तहर के हेयरस्टाइल पर सूट करते हैं। शादी में कई महिलाएं ऊंचा जूडा बनवा लेती हैं और साथ में किसी भी तरह के झुमके पहन लेती हैं तो उन्हें यह जानने की जरूरत है कि जूडे के साथ पारंपरिक सोने के झुमके कुछ खास जमते नहीं हैं। इन की जगह चदि वे एथनिक स्टाइल वाले शैंडलियर्स पहनेंगी तो अधिक स्मार्ट दिखेंगी। जूडे वाले लुक पर बडे ड्रौप्स भी अच्छे लगते हैं।

यदि आपके बाल मीडियम या लम्बे हैं, तो आपको हूप स्टाइल वाले इयररिंग्स खरीदने चाहिए। यह ध्यान रखें कि हूप स्टाइल वाले इयररिंग्स चेहरे को फूला हुआ लुक देते हैं। यदि आपका चेहरा गोल है और बाल मीडियम तो गोल आकार वाले इयरिंग्स की जगह अंडाकार इयरिंग्स पहनें और यदि बाल लम्बे और चेहरा गोल है,



तो आप चौकोर स्टाइल वाले पहनें। लम्बे बालों वालों पर आयताकार इयररिंग्स भी जंचते हैं। चाहें तो लम्बे डैंगलर्स और शैडलियर्स रिंग्स का चुनाव भी कर सकती हैं। यदि आप ने करीना कपूर की तरह थोडे से बालों को आगे से पफ कर के फुला लिया है तो फिर इयररिंग्स का चुनाव बहुत ही सोचसमझ कर करें। इस तरह का हेयरस्टाइल मौडर्न लुक देता है। इसलिए



इस तरह के हेयरस्टाइल के साथ टीयरड्रौप, बटन स्टाइल इयररिंग्स की अच्छे लगेंगे। यदि आपके बाल बहुत छोटे हैं, तो बडे हूप्स या डैंगलर्स ना पहनें, क्योंकि बहुत छोटे बालों पर इस तरह के लम्बे और बडे इयररिंग्स फबते नहीं हैं।

# सिर्फ दांत ही नहीं इन चीज़ों को भी चमकाता है टूथपेस्ट



अगर अभी तक आपको लगता था कि टूथपेस्ट का इस्तेमाल सिर्फ दांतों को साफ करने के लिए किया जाता है तो आप गलत हैं। टूथपेस्ट बड़े काम की चीज़ है। घर में कई ऐसी चीजें होती हैं जिनके दाग लाख मेहनत करने के बावजूद नहीं जाते हैं। आइए हम आपको ऐसी ही 5 चीज़ों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनपर अगर ज़िद्दी दाग लग गया हो तो टूथपेस्ट खोज लाइए और रगड़ दीजिए। ज़िद्दी दाग छुड़ाने के अलावा कई और भी काम हैं जो टूथ पेस्ट की मदद से किए जा सकते हैं। 1- अगर किचन में काम करते वक्त त्वचा को कोई भाग जल जाए तो उसकी जलन कम करने के लिए टूथपेस्ट एक अच्छा विकल्प है। इसे जले हुए स्थान पर लगाने से फफोले भी नहीं पड़ते।

2- कपड़ों पर लिपस्टिक या फिर इंक का दाग लग जाए तो दाग वाली जगह पर थोड़ा-सा टूथपेस्ट लगाकर छोड़ दें और कुछ देर बाद धो लें। इससे दाग पूरी तरह से चला जाएगा।

3- अगर कांच की टेबल पर चाय के कप रखने से निशान बन गए हों तो उन्हें हटाने में भी टूथपेस्ट काफी मददगार साबित होता है।

4- अगर आपके गहने काले पड़ गए हैं तो टूथपेस्ट का प्रयोग करें। यह आपके गहनों को साफ कर एकदम चमका देगा।

5- दूध के बर्तनों में से महक हटानी हो या बच्चों की दूध की बॉटल को साफ करना हो तो टूथपेस्ट घुला हुआ पानी डालकर बर्तनों को अच्छी तरह साफ कर लें।



# सर्दियों के मौसम में रूखी त्वचा की इस तरह करें देखभाल

हर व्यक्ति की स्किन अलग होती है और उसकी केयर भी एक-दूसरे से जुदा होती है। जहां ऑयली स्किन की महिलाओं को ऑयल कंट्रोल करना पड़ता है, वहीं ड्राई स्किन की महिलाओं के लिए स्किन का रूखापन मुसीबत बन जाता है। ऐसे में अगर उसकी देख-रेख में गड़बड़ होती है तो उसका हर्जाना आपकी स्किन को चुकाना पड़ता है। तो चलिए जानते हैं कि रूखी स्किन की देखभाल के दौरान किस तरह की गलतियों से बचें-

**मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न करना**

जिन महिलाओं की स्किन नॉर्मल या ऑयली होती है, वह एक दो दिन मॉइश्चराइजर को स्किप कर सकती हैं। लेकिन जिनकी स्किन ड्राई होती है, उन्हें दिन में दो बार मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए।

एक बार तो सुबह नहाने के बाद व मेकअप अप्लाई करने से पहले तथा दूसरी बार रात्रि में फेस वॉश के बाद।

आप चाहें तो मार्केट में मिलने वाले मॉइश्चराइजर के अतिरिक्त आर्गन ऑयल, एवोकाडो ऑयल व जोजोबा ऑयल को भी बतौर मॉइश्चराइजर इस्तेमाल कर सकती हैं।

**जरूरत से ज्यादा एक्सफोलिएट:** यह सच है कि स्किन के लिए एक्सफेलिएशन जरूरी है लेकिन जिनकी स्किन रूखी है, उनके लिए ओवरएक्सफेलिएशन न सिर्फ स्किन का रूखापन बढ़ाता है, बल्कि इससे स्किन में इरिटेशन व अन्य समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। इसलिए रूखी स्किन की महिलाओं को सप्ताह या पन्द्रह दिन में एक बार ही एक्सफेलिएशन करना चाहिए।

**हॉट शॉवर लें लेकिन सीमित**

बदलते मौसम में हॉट शॉवर लेना हर किसी को अच्छा लगता है। पर रूखी स्किन वाली महिलाओं को जरूरत से ज्यादा देर तक हॉट शॉवर लेने से बचना चाहिए।

इससे स्किन का रूखापन बढ़ने लगता है। इसलिए आप शॉवर के दौरान न तो बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करें और न ही ज्यादा देर तक शॉवर लें। साथ ही चेहरे पर गर्म पानी का इस्तेमाल करने से बचें। वहीं शॉवर लेने से पहले नारियल तेल या वैसलीन का प्रयोग अवश्य करें। इससे गर्म पानी के कारण स्किन का रूखापन नहीं बढ़ता।

**अल्कोहल बेस्ड प्रॉडक्टस**

ब्यूटी प्रॉडक्टस यकीनन किसी भी महिला की खूबसूरती में चार-चांद लगाने का काम करते हैं लेकिन ब्यूटी प्रॉडक्टस का चयन करते समय भी बेहद सावधानी बरतनी चाहिए। आप ऐसे किसी भी प्रॉडक्ट का इस्तेमाल करने से बचें, जिनमें अल्कोहल की मात्रा ज्यादा हो। इसके कारण आपकी स्किन का रूखापन बढ़ सकता है। इसलिए हमेशा किसी भी प्रॉडक्ट को खरीदने से पहले उसके इंग्रीडियंट को अवश्य देख लें और अगर संभव हो तो खरीदने से पहले एक बार पैच टेस्ट करना भी अच्छा रहेगा।